178 2948/2020

फा.सं.-11013/05/प्रति./2020/समिति-6
संसदीय राजभाषा समिति सचिवालय
11, तीन मूर्ति मार्ग, नई दिल्ली-110011

Speed Post

दिनांक : 17..03.2020

सेवा में,

अवर सचिव (आई टी)
गृह मंत्रालय,
कमरा न. 82 'B'
नॉर्थ ब्लाक,
नई दिल्ली-110011

विषय :संसदीय राजभाषा समिति सचिवालय में अनुभाग अधिकारी, अनुसंधान सहायक, सहायक, आशुलिपिक वर्ग 'ग' तथा 'घ' के नि:संवर्गीय पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाना।

महोदय,

संसदीय राजभाषा समिति सचिवालय में उपर्युक्त पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने हेतु दिनांक 15-21 फरवरी, 2020 के रोजगार समाचार में विज्ञापन, प्रकाशित किया जा चुका है।

2. कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग से अनुरोध है कि वे उपरोक्त पदों को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने हेतु रोजगार समाचार में जारी परिपत्र संख्या 11013/05(प्रति)/2020-समिति-6 दिनांक 24.01.2020 तथा समिति सचिवालय द्वारा जारी परिपत्र सं. 11013/05(प्रति)/2020-समिति-6 दिनांक 13.02.2020 को इसमे संलग्नको सहित को अपने विभाग की वेबसाइट पर (विकेंसी नोटिफिकेशन) पर भी अपलोड करने की कृपा करें।

संलग्न-यथोपरि।

भवदीय,

17/03/2020
(डॉ. रामेश्वर लाल मीना)
अवर सचिव (प्रशासन)
दूरभाष-011-21411164

JOIN ISRO AND SHARE...
SHARE YOUR KNOWLEDGE WITH TALENTED SCIE...
SUPPORT NATIONAL...

"Government strives to have a workforce...
and hence women candidates are...

Employment News 21 Feb 2020

No.11013/05/2020-Committee-6

# Secretariat of Committee of Parliament on Official Language

11, Teen Murti Marg, New Delhi-110011

Date 24-01-2020

## Circular

Sub:- Filling up the ex-cadre posts of Section Officer, Research Assistant, Assistant and Stenographer Grade "C" & "D" in the Secretariat of the Committee of Parliament on Official Language on deputation basis.

The following ex-cadre posts have to be filled up in Secretariat of Committee of Parliament on Official Language on deputation basis:-

| SL. No. | Name of Post | Number of Posts | Pay Scale |
|---|---|---|---|
| 1. | Section Officer | 01 | Rs. 6500-200-10500 (Pre-revised) (Level-8 of 7th CPC Pay Matrix) |
| 2. | Research Assistant | 04 | Rs. 5500-175-9000 (Pre-revised) (Level- 6 of 7th CPC Pay Matrix) |
| 3. | Assistant | 02 | Rs. 5000-150-8000 (Pre-revised) (Level- 6 of 7th CPC Pay Matrix) |
| 4. | Stenographer Grade "C" | 02 | Rs. 5000-150-8000 (Pre-revised) (Level- 6 of 7th CPC Pay Matrix) |
| 5. | Stenographer Grade "D" | 04 | Rs. 4000-100-6000 (Pre-revised) (Level- 4 of 7th CPC Pay Matrix) |

For prescribed proforma of application, eligibility condition and other details, kindly login the official website of Committee of Parliament on Official Language viz rajbhashasamiti.gov.in

The willing officers may send their application duly filled in the prescribed proforma through proper channel along with 05 years Annual Performance Assessment Reports (APAR/ACR), Cadre Clearance, Vigilance Clearance Certificate and requisite certificate of major/minor penalties imposed, if any, **within 60 days of the publication of this advertisement in the "Employment News" to the Secretary (Committee), Committee of Parliament on Official Language, 11, Teen Murti Marg, New Delhi-110011.** Separate application may be submitted for each post.

(B.L. Meena)
Secretary (Committee)
Tele: 011-21411164

EN 46/39

davp 31101/11/0001/1920

**संख्या-11013/05(प्रति.)/2020-समिति-6**
**संसदीय राजभाषा समिति सचिवालय**
**11, तीन मूर्ति मार्ग, नई दिल्ली-110011**

दिनांक: 13/02/2020

विषय: <u>संसदीय राजभाषा समिति सचिवालय में अनुभाग अधिकारी, अनुसंधान सहायक, सहायक, आशुलिपिक वर्ग "ग" तथा 'घ' के नि:संवर्गीय पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाना ।</u>

संसदीय राजभाषा समिति सचिवालय में अनुभाग अधिकारी, अनुसंधान सहायक, सहायक, आशुलिपिक वर्ग "ग" तथा आशुलिपिक वर्ग "घ" के नि:संवर्गीय पदों के लिए उपयुक्त व्यक्तियों की सेवाएं प्रतिनियुक्ति के आधार पर अपेक्षित हैं।

2. उन्हीं अभ्यर्थियों के आवेदन जो अनुबंध-। के अनुसार अपेक्षित शैक्षिक योग्यताएं/अर्हताएं रखते हों, अनुबंध-।। व ।।। में निर्धारित प्रोफ़ार्मो में भरकर भेजे जाएं। उक्त पदों के लिए स्वेच्छा से अपना नाम देने वाले कार्मिकों को बाद में अपना नाम वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इन पदों का वेतनमान व शर्तें अनुबंध-1 में दी गई है।

3. अनुरोध है ऐसे अधिकारी/कर्मचारी जो संबंधित पदों पर प्रतिनियुक्ति के लिए इच्छुक हो तथा अपेक्षित योग्यताएं एवं शर्तों को पूरा करते हों व जिनका चयन हो जाने पर तत्काल कार्यमुक्त किया जा सकता हो, उनके आवेदन "रोजगार समाचार-पत्र" में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि के 60 दिन के अंदर सचिव (समिति), संसदीय राजभाषा समिति, 11, तीन मूर्ति मार्ग, नई दिल्ली-110011 को अवश्य भेज दिये जाएं। आवेदन-पत्र पूर्णतया भरे जाने के बाद गोपनीय रिपोर्टों के साथ भेजे जाने चाहिए। अधूरे आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्रों को भेजने से पूर्व उनमें दिए गए विवरणों की अच्छी तरह से जांच कर ली जाए कि अभ्यर्थी पात्रता की शर्तें पूरी करते हैं। अंतिम तिथि के बाद अथवा बिना गोपनीय रिपोर्ट के साथ प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। यह भी प्रमाणित किया जाना चाहिए कि आवेदक के विरूद्ध कोई भी अनुशासनात्मक मामला लंबित अथवा परिकल्पित नहीं है तथा पिछले पांच वर्षों में कोई शास्ति (पेनल्टी) नहीं लगाई गई है। प्रतिनियुक्ति के दौरान संबंधित अधिकारी कार्मिक, लोक शिकायत व पेंशन मंत्रालय के दिनांक 17-06-2010 के कार्यालय ज्ञापन संख्या ए.बी.-6/8/2009-स्था0(वेतन-2) (यथा-संशोधित) में दी गई प्रतिनियुक्ति की सामान्य शर्तों द्वारा शासित किया जाएगा।

4. सभी मंत्रालयों/विभागों आदि से यह भी अनुरोध है कि वे इन पदों कि रिक्तियों की सूचना अपने सभी सम्बद्ध/अधिनस्थ कार्यालयों को भी दें।

(हस्ताक्षर)

**(बी.एल. मीना)**
सचिव (समिति)
दूरभाष 011-21411164

<u>भारत सरकार के सभी मंत्रालय तथा विभाग</u>

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3. | सहायक | 02 | ₹5000-150-8000/- **(यथा-संशोधित)** (PB-2 वेतनमान ₹9300-34,800, ग्रेड पे ₹4200) 7वे वेतन आयोग अनुसार वेतन मेट्रिक्स **लेवल-6** | केंद्रीय सरकार के ऐसे कर्मचारी:- (1) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; **या** (2) जिन्होने ₹4000-100-6000/- (संसोधन से पूर्व) **या** समतुल्य वेतन वाले पदों पर पांच वर्ष की नियमित सेवा की है तथा जिन्हे लेखा, स्थापना तथा हिन्दी में नोटिंग /ड्रफ्टिंग का **दो** वर्ष का अनुभव है। (प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतगर्त केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति के ठीक पहले धारित किसी अन्य बाह्य काडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारण तया **3 वर्ष** से अधिक नहीं होगी) प्रतिनियुक्ति पर स्थानातंरण दारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने के अंतिम तारीख को **56** वर्ष से अधिक नहीं होगी। |
| 4 | आशुलिपिक वर्ग "ग" | 02 | ₹5000-150-8000/- **(यथा-संशोधित)** (PB-2 वेतनमान ₹9300-34,800, ग्रेड पे ₹4200) 7वे वेतन आयोग अनुसार वेतन मेट्रिक्स **लेवल-6** | केंद्रीय सरकार के ऐसे कर्मचारी:- (1) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों **या** (2) जिन्होने ₹4000-100-6000/- (संशोधन से पूर्व) के वेतनमान में आशुलिपिक के रूप में **पांच वर्ष** की नियमित सेवा की है और जो हिन्दी या अँग्रेजी आशुलिपि में 100 शब्द प्रति मिनट की गति रखते हैं। (3) हिन्दी आशुलिपि जानने वाले को अधिमानता दी जायेगी। (प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतगर्त केंद्रीय सरकार के उसी **या** किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति के ठीक पहले धारित किसी अन्य बाह्य काडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया **3 वर्ष** से अधिक नहीं होगी।) प्रतिनियुक्ति पर स्थानातंरण द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने के अंतिम तारीख को **56 वर्ष** से अधिक नहीं होगी। |
| 5 | आशुलिपिक वर्ग "घ" | 04 | ₹4000-100-6000/- **(यथा-संशोधित)** (PB-1 वेतनमान ₹5200-20,200/-, ग्रेड पे ₹2400) 7वे वेतन आयोग अनुसार वेतन मेट्रिक्स **लेवल-4** | केंद्रीय सरकार के ऐसे कर्मचारी:- (1) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों **या** (2) निम्न श्रेणी लिपिक के वेतनमान में दो वर्ष की नियमित सेवा की है और जो अँग्रेजी या हिन्दी आशुलिपि में 80 शब्द प्रति मिनट की गति रखते हैं। (3) हिन्दी आशुलिपि जाने वाले को अधिमानता दी जायेगी। (प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतगर्त केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति के ठीक पहले धारित किसी अन्य बाह्य काडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी) प्रतिनियुक्ति पर स्थानातंरण द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने के अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। |

अनुबंध-2

**................................................के पद हेतु आवेदन-पत्र ।**

1. नाम: ........................................................................................................
2. जन्म की तिथि: ...............................................................................................
3. वर्तमान पद जिस पर कार्य कर रहे हैं ...........................................................
   तथा कार्यालय का पूरा नाम और पता: ..........................................................
   क्या यह संवर्ग पद है अथवा असंवर्ग पद: ......................................................
4. नियमित रूप से प्रथम नियुक्ति की तारीख: ....................................................

5 वर्तमान ग्रेड पर नियुक्ति की तारीख: .............................................................

6. वर्तमान वेतन तथा वेतनमान: .......................................................................
7. क्या अस्थायी/स्थायी हैं: ...............................................................................
8. शैक्षिक तथा विशेष अर्हताएं, यदि कोई हो: .....................................................
9. संक्षिप्त सेवा विवरण: ...................................................................................

| मंत्रालय/विभाग/कार्यालय | धारित पद | वेतनमान | ड्यूटी का स्वरूप |
|---|---|---|---|
| | से तक | | |

10.क्या पद के लिए अपेक्षित अर्हताएं पूरी करते हैं (यदि किसी अर्हता को नियमों के अंतगर्त निर्धारित की गई अर्हता के समकक्ष समझा जाता है तो उस प्राधिकरण का नाम बताएं)

<u>अर्हताएं/अनुभागअधिकारी द्वारा प्राप्त अर्हताएं/अनुभाग</u>

11.कृपया बताएं कि आपके द्वारा ऊपर दी गई प्रविष्टियों से आप पद कि अपेक्षाएँ पूरी करते है:

12.हिन्दी टाइपिंग/आशुलिपि कि गति टाइपिंग

(जहां लागू हों) हिन्दी

अँग्रेजी

13.यदि पहले किसी संवर्ग बाहय पद पर रहे हों तो वहाँ से लौटने कि तारीख:..................................

14.क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं: ..................................................

15.यदि अन्य विवरण जो अन्य किसी कॉलम में न दिया हो।: ...................................................

16.वर्तमान आवास पता: ........................................................................................

17.कार्यालय शाखा का टेलीफ़ोन संख्या: ................................................................

18.मंत्रालय/विभाग/कार्यालय का पता: ....................................................................

आवेदक का हस्ताक्षर: ................................

तिथि: ..................................................

फोन नंबर: ...........................................

अनुबंध-3

## प्रमाण पत्र

**(आवेदन अग्रेषित करने वाले प्राधिकारी द्वारा भरा जाए)**

1. प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक द्वारा दी गई जानकारी को उपलब्ध अभिलेख से जांच लिया गया है तथा दी गई सूचना सही है।

2. प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक परिपत्र/विज्ञापन में दी गई शर्तों के अनुसार संबंधित पद के लिए योग्य है।

3. प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक के विरूद्ध कोई भी सर्तकता का मामला अम्बित अथवा परिकल्पित नहीं व इनकी सत्यनिष्ठा संदेह से परे है और इन्हें पिछले 05 वर्षों के दौरान किसी भी प्रकार की शास्ति नहीं लगाई गई है।

4. पिछले 05 वर्षों के एसीआर/एपीएआर डोजीयर की अद्यतन सत्यापित प्रतियां।

**अग्रेषित करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर**
**कार्यालय की मोहर**